ग्रामीण भारत के रूपान्तरण के लिए वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी नवोन्मेष का सम्मान

# ग्रामीण विकास के लिए वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी नवोन्मेष हेतु

# सीएसआईआर पुरस्कार

भारतीय ग्रामीण जीवन को रूपान्तरित करने में सहायता एवं दृश्य प्रभाव दिखाने वाले उत्कृष्ट वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी नवोन्मेष को मान्यता

## सीएसआईआर द्वारा नामांकन आमंत्रित

### पात्रता

- कोई भी भारतीय समूह अथवा संगठन अथवा भारत में पंजीकृत कोई कम्पनी; और
- कोई भी वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी नवोन्मेष जो भारत में प्रारम्भित हुआ हो अथवा प्रचुर भारतीय घटकों के साथ भारत में प्रयुक्त हुआ हो।

### मापदण्ड

**यह पुरस्कार उस वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी नवोन्मेष को मान्यता है जिसने :**

- ग्रामीण लोगों के बेहतर जीवन स्तर के मानकों में उदाहरण प्रस्तुत किया हो अथवा जीवन की विषमताओं को कम किया हो;
- प्रतिस्पर्धी लाभ एवं सकारात्मक उपभोग अनुक्रिया को प्रदर्शित किया हो;
- देश में ग्रामीण रोजगार को बढ़ाने में सहायता की हो; और
- ग्रामीण विकास के परिदृश्य में सामाजिक एवं आर्थिक रूपान्तरण के लिए व्यवसाय के नये मार्ग दिखाये हों।

### आवेदन

पुरस्कार के लिए नामांकन निर्धारित प्रपत्र में सॉफ्ट (MS Word File) तथा हार्ड फॉर्म (प्रिंटेड कॉपी डाक द्वारा) सीएसआईआर में **15 फरवरी 2011** तक प्राप्त हो जाने चाहिएँ।

प्रपत्र **सीएसआईआर की वेबसाइट : http://www.csir.res.in** पर उपलब्ध है।



## पुरस्कार

**₹ 10 लाख**
**तथा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह**

*पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्रेषित करें :*

**प्रमुख,**
योजना एवं निष्पादन प्रभाग (पीपीडी)
**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**
अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001
फोन : 011-23316748 फैक्स : 011-23736842 ई-मेल: caird@csir.res.in

# ग्रामीण विकास के लिए वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष हेतु सीएसआईआर पुरस्कार

.....भारतीय ग्रामीण जीवन को रुपान्तरित करने में सहायता एवं दृश्य प्रभाव दिखाने वाले उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को मान्यता एवं सम्मान......

# पुरस्कार

# ग्रामीण विकास के लिए वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष हेतु सीएसआईआर पुरस्कार

## 1. पुरस्कार का उद्देश्य :

यह पुरस्कार उन उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों को मान्यता प्रदान करेगा जिन्होंने ग्रामीणों के जीवन को बदलने में सहायता की हो अथवा जिन्होंने ग्रामीणों की कठिनाइयों को कम किया हो अथवा रोजगार सृजन में सहायता की हो। जमीनी स्तर पर क्रियान्वित सफल वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों पर विचार किया जाएगा। जिस नवोन्मेष के लिए आवेदन किया है वह ऐसा हो जिससे अकादमी, अनुसंधान एवं विकास तथा ग्रामीण वित्तीय संस्थानों, उद्योग तथा व्यावसायिक क्षेत्रों और ग्रामीण लोगों में अंतर्व्यवहार में भी एक साथ वृद्धि हुई हो और इस नवोन्मेष से सहभागिता विकासों के लिए नवीन साधन भी उपलब्ध हुए हों।

## 2. पुरस्कार :

इस वार्षिक पुरस्कार के अन्तर्गत 10 लाख रुपये की नगद पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया जाएगा।

## 3. योग्यता :

कोई भी भारतीय समूह अथवा भारत में पंजीकृत संगठन अथवा कंपनी आवेदन करने के लिए हकदार होगी।

## 4. चयन मापदण्ड :

प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष ऐसे हों जिन्होंने :

- ग्रामीण लोगों के जीवन स्तरों में प्रतिमान परिवर्तन किया हो अथवा उनकी कठिनाइयों को कम किया हो;
- प्रतिस्पर्धात्मक लाभ एवं सकारात्मक उपभोगकर्ता प्रतिक्रिया प्रदर्शित की हो;
- देश में ग्रामीण रोजगार सृजन में सहायता की हो; और
- ग्रामीण विकास क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए व्यवसाय के नए मार्ग दिखाए हों।

## 5. चयन :

पुरस्कार के लिए उम्मीदवार का चयन करने के लिए द्विचरणीय चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। प्राप्त कुल आवेदन पत्रों में से अर्हक आवेदकों की छंटाई करने के लिए विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट विशेषज्ञों वाली समिति द्वारा प्रारम्भिक जांच की जाएगी। इस समिति की अध्यक्षता उत्कृष्ट ग्रामीण विकास विशेषज्ञ/सामाजिक वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद्/सीएसआईआर की शासी निकाय के सदस्य द्वारा की जाएगी। तत्पश्चात छांटे गए आवेदकों पर उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाएगा। इस समिति की अध्यक्षता उत्कृष्ट ग्रामीण विकास विशेषज्ञ/सामाजिक वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद/सीएसआईआर सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।

सामान्यता, यह पुरस्कार सीएसआईआर हीरक जयंती प्रौद्योगिकी पुरस्कार तथा शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों के साथ प्रदान किया जाता है ।

## 6. पुरस्कार हेतु आवेदन :

इस पुरस्कार के लिए आवेदन सीएसआईआर द्वारा जारी विज्ञापन के उत्तर में किया जा सकता है। यह आवेदन प्रपत्र सीएसआईआर की वेबसाइट http://www.csir.res.in पर भी उपलब्ध है। आवेदन प्रपत्र संलग्नक पर दिया गया है। आवेदन सादा कागज पर सुरक्षित साधनों के माध्यम से निम्नांकित पते पर भेजें:

**प्रधान,**
**योजना एवं निष्पादन प्रभाग,**
**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद,**
**अनुसंधान भवन,**
**2 रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110 001**
**दूरभाष : 011–23316748**
**फैक्स : 011–23736842**
**ई–मेल : caird@csir.res.in**

# आवेदन-प्रपत्र

# आवेदन प्रपत्र

पुरस्कार के लिए आवेदन करते समय आवेदक कृपया निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर 250 शब्दों में दें। दिया गया स्पष्टीकरण ऐसा हो जो किसी सामान्य शिक्षित व्यक्ति को आसानी से समझ में आ जाए। संगठन/कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकीय व्यापार और प्रौद्योगिकी नवोन्मेष विषयक मीडिया कवरेज जैसी प्रासंगिक सामग्री भी सम्मिलित की जाए। इस प्रकार प्राप्त सूचना वाणिज्यिक रूप से गोपनीय समझी जाएगी तथा यह सूचना पुरस्कार सचिवालय और पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों के लिए ही सुगम होगी जो इसे गोपनीय रखेंगे।

i. आवेदक का नाम, पता, कानूनी स्थिति और स्वामित्व पैटर्न।

ii. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का शीर्षक।

iii. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का वैज्ञानिक एवं तकनीकी विवरण। यह ग्रामीण क्षेत्र के लिए क्यों उपयुक्त है?

iv. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष से होने वाले प्रमात्रीकरणीय एवं वास्तविक लाभ (प्रमात्रीकरण हेतु माप दें)।

v. व्यवहृत अथवा अव्यवहृत प्रतिस्पर्धी वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेषों की विशेषताएं।

vi. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष अन्य प्रतियोगियों से किस तरह श्रेष्ठ है (विशेषताओं की तुलना करें)।

vii. इस वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का - ग्रामीण भारत के जीवन पर? समाज पर? रोजगार पर? पर्यावरण पर? क्या प्रभाव है? (इसे कैसे निर्धारित किया गया)

viii. इस नवोन्मेष के विकास एवं हस्तांतरण में किन-किन महत्वपूर्ण वैज्ञानिक एवं तकनीकी चुनौतियों का सामना किया गया?

ix. वाणिज्यीकरण की संकल्पना से वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष के विकास के लिए कौन से जोखिम उठाए गए अथवा क्या निवेश किए गए?

x. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष को सुगम बनाने वाले सहयोग एवं भागीदारियां कौन-सी हैं? उनका क्या योगदान रहा।

xi. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष का वर्तमान हिस्सा और अनुमानित बाजार शक्यता क्या है? इसे कैसे निर्धारित किया गया?

xii. प्राप्त एवं आवेदित बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का ब्यौरा (सार सम्मिलित करें)।

xiii. वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय नवोन्मेष के परिणामस्वरूप निकलने वाले वैज्ञानिक प्रकाशन।

xiv. अन्य कोई महत्वपूर्ण संकल्पना जिसे ऊपर नहीं दर्शाया गया हो।

# घोषणा

मैं प्रमाणित करता हूँ कि "पुरस्कार आवेदन पत्र" में दिया गया सभी प्रकार का ब्यौरा सही और पूर्ण है तथा पुरस्कार से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर के निर्णय को मानने के लिए सहमत हूं।

स्थानः

(कंपनी/संगठन के प्रधान के हस्ताक्षर)

तारीखः

नाम :

पदनाम :